



# बस के पहिए नीचे दबकर युवक की मौत

## एनएच-39 बरगवां मार्ग की घटना, दर्जन भर यात्री घायल, देवसर से बरगवां की ओर आ रही थी यात्री बस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। नेशनल हाईवे सीधी-सिंगरौली-39 बरगवां में बीती रात करीब 11 बजे सवारी बस डिवाइडर से टकरा गई, जहां बस में सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से अधिक मुसाफिर घायल हो गये। घायल यात्रियों में चार को ज्यादा चोटे आई हैं।**



जानकारी के अनुसार यात्री बस वाहन क्रमांक एमपी 17 पी 1250 देवसर से बरगवां की ओर आ रही थी कि हिंडालको महान गेट नम्बर-1 के पास बस अनियंत्रित हो गई, इसके पीछे मुख्य कारण यही बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे-39 सड़क के किनारे भारी मात्रा में रेत फैली हुई थी और बस नियंत्रण खोते हुये डिवाइडर से टकरा गई। बस में आगे बैठे सवारी राजेश पाठक उर्फ लाला पिता रोशनलाल पाठक उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सुपेला देवसर सामने का सीसा तोड़ते हुये नीचे गिर पड़े और बस टायर के चपेट में आ गये, जिसके चलते राजेश पाठक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं बस में सवार उदयपाल सिंह पिता भोला सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी देवरा, रामू यादव पिता संपत यादव उम्र 40 वर्ष निवासी बिरसिंहपुर, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष निवासी बिलौंजी, धर्मराज सिंह पिता नर्मदा सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी सिंगरौली को ज्यादा चोटे आई हैं।

### हिंडालको में ड्यूटी करने जा रहे थे राजेश



जानकारी के अनुसार देवसर के सुपेला निवासी राजेश पाठक उर्फ लाला पिता रोशनलाल पाठक हिंडालको महान बरगवां में ड्यूटी करने जा रहे थे कि हादसे का शिकार हो गये। बताया जाता है कि हिंडालको गेट नम्बर-1 से घटनास्थल की दूरी महज एक किलोमीटर है। गेट के पास उतर कर ड्यूटी जाते, लेकिन भगवान को यह सब अच्छा नही लगा। इस घटना से पूरा पाठक परिवार दुखी है और सुपेला गांव में मातम पसरा हुआ है।

### बस में मच गई थी चीख पुकार

प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त बस में चीखपुकार मच गई। बस में करीब दो दर्जन मुसाफिर सवार थे और हादसे के वक्त ऐसी चीखपुकार मची कि ढाबा के आसपास लोग भी बारिश में भिगते हुये बचावकार्य के लिए पहुंच गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बरगवां भी पहुंचे और बारिश का परवाह किये बगैर घायलो को उपचार के लिए अस्पताल के लिए रवाना किये। बस में सवार यात्री बताते हैं कि एक तो बारिश हो रही थी और दूसरी ओर सड़क में भारी मात्रा में रेत गिरा हुआ था। अनियंत्रित होकर बस फिसल गई और बस में आगे राजेश बैठे थे, सीसा टूटा और वे बस के आगे गिर पड़े और टायर उनके ऊपर चढ़ गया।

### इनका कहना :-

बरगवां मार्ग में बस रेता में फिसल जाने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं 4 सवारी घायल हो गये। घायल सभी स्वस्थ्य हैं। यह घटना जायसवाल ढाबा के समीप हुआ है।

**मो.समीर**
थाना प्रभारी निरीक्षक, बरगवां

# घर में लाखों की चोरी का हुआ खुलासा

## पांच लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद, विंध्यनगर पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 2 जुलाई। विंध्यनगर थाना पुलिस ने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 1200 ग्राम चांदी एवं करीब 14 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई गई है।**



थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना द्विवेदी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अमन कुमार उर्फ अमन बर्मा पिता राजन कुमार बर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी पचखोरा, थाना बैढ़न है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र प्रसाद शाह पिता बंधु प्रसाद शाह निवासी गहिलगढ़ पश्चिम ने 26 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 जून की रात परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। सुबह उठने पर घर के आगे और पीछे के दरवाजे खुले मिले तथा घर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवर गायब थे। इस पर थाना विंध्यनगर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पचखोरा क्षेत्र से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछतांछ की।

उसके कब्जे से चांदी की करधन, पनवा, हाथ के कड़े, हसुली, बिछिया, चांदी के सिक्के, सोने की अंगूठी, लॉकेट और मंगलसूत्र सहित चोरी का पूरा माल बरामद कर जप्त किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, उनि अभिषेक पाण्डेय, प्रियंका मिश्रा, प्रआर अरुणेन्द्र पटेल, प्रआर पंकज सिंह तथा आर भोले लोधी की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### प्रदेश अध्यक्ष का एक साल का कार्यकाल प्रेरणादायी : सुंदर



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी म.प्र. के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर भाजपा जिला सिंगरौली में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने प्रदेश अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने एक विशेष वीडियो संदेश एवं प्रेस नोट जारी कर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में विगत एक वर्ष में म.प्र. भाजपा ने संगठन स्तर पर नए आयाम स्थापित किए हैं। उनका मार्गदर्शन, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह अद्वितीय है। उनके एक वर्ष का यह कार्यकाल प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी रहा है।

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के प्रभार में फेरबदल

**सिंगरौली।** कलेक्टर सिंगरौली ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के प्रभार में फेरबदल किया है। जानकारी के अनुसार सरई में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार अमित कुमार मिश्रा को तहसील माड़ा एवं साक्षी गौतम नायब तहसीलदार को वृत्त निवास की जिम्मेदारी सौपी गई है। यह आदेश कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर के हस्तार से आज गुरूवार को जारी किया है।



### महापौर ने की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा

**सिंगरौली।** नपानि महापौर रानी अग्रवाल ने निगम कार्यालय में स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक लेकर वर्षा ऋतु के दौरान शहर की साफ.-सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। महापौर ने निर्देशित किया कि शहर की सभी मुख्य नालियों, उपनालियों एवं कॉलोनियों की नालियों की नियमित साफ.-सफाई कराई जाए तथा निकाली गई गाद एवं कचरे का तत्काल उठाव सुनिश्चित किया जाए।




### ब्रह्माकुमारीज ने युवाओं के लिए ड्रीम रन का किया आयोजन

**सिंगरौली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तपोवन परिसर में आज युवा प्रभाग द्वारा ड्रीम रन का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की वर्तमान समय ब्रह्मा कुमारीज अपने स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नवदशकोत्सव मना रही है। ब्रह्माकुमारीज के युवा प्रभाग की क्षेत्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रेखा ने सभी युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा अर्थात वायु अगर युवा सकारात्मक चिंतन को अपनाएगा तो सारे समाज में भी सकारात्मकता की वायु फैलेगी और एक दूसरे के प्रति मतभेद खत्म होंगे। हम सभी एक दूसरे के प्रति शुभकामना शुभकामना रखेंगे।

# डबल बेंच ने प्रोफेसर का तबादला रखा बरकरार

## प्रशासनिक स्थानांतरण में हस्तक्षेप से न्यायालय का इनकार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर की डिवीजन डबल बेंच ने शास. राजनारायण स्मृति महाविद्यालय बैढ़न के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. एमयू सिद्दीकी के स्थानांतरण मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए उनके तबादले को बरकरार रखा है।**

> पूर्व प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्दीकी को लगा बड़ा झटका
>
> सेवानिवृत्ति और शोधार्थियों का तर्क हाईकोर्ट ने किया खारिज

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति अवनिंद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने 30 जून को पारित आदेश में स्पष्ट किया कि स्थानांतरण सेवा का सामान्य हिस्सा है और इस मामले में न्यायालय के हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता।

हालांकि पूर्व आदेश में असंसदीय भाषा के उल्लेख के आधार पर लगाई गई लागत को हटाते हुए अपील का आंशिक निराकरण किया गया। अपीलकर्ता की ओर से दलील दी गई थी कि उनका स्थानांतरण 30 अप्रैल को बैढ़न से शास. महावि.बहोरीबंद, जिला कटनी कर दिया गया, जबकि वह शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस पर राज्य शासन ने न्यायालय को बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है, इसलिए डेढ़ वर्ष में सेवानिवृत्ति का दावा सही नहीं है। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्ष 2023 में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी होने के कारण उनका स्थानांतरण लागू नहीं किया गया था। चार वर्ष की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर उनका तबादला किया गया।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि उनके निर्देशन में कई शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं और विश्वविद्यालय बदलने से उन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। डबल बेंच ने कहा कि ऐसा कोई दस्तावेज रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह सिद्ध हो कि स्थानांतरण के बाद शोध निर्देशन जारी नहीं रह सकता।

न्यायालय ने यह भी माना कि बैढ़न महावि. में रिक्त पदों का मुद्दा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकार क्षेत्र का विषय है, न्यायालय का नहीं। अंततः डबल बेंच ने केवल लागत हटाने का आदेश देते हुए शेष आदेश को यथावत रखा और रिट अपील का निस्तारण कर दिया।

# एक सप्ताह में धसक गई सीवरेज पाइप लाइन की सड़क

## नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक-41 नापतौल दफ्तर के सामने से विश्वकर्मा मोहल्ला का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। एक सप्ताह सीवरेज पाइप लाइन के ठेकेदार ने सड़क का मरम्मत किया था। जहां पहली बारिश में ही सड़क कई जगह धसक गई है। यह मामला एस्सार टाउनशीप के पीछे विश्वकर्मा मोहल्ला सड़क मार्ग का है। जहां आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि अभी सड़को की धसकने की शुरूआत आहट है।**



दरअसल सीवरेज ठेकेदार के द्वारा सड़को की मरम्मत कार्य में भारी लापरवाही बरती गई। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि अनुबंध के मुताबिक सीवरेज लाइन के ठेकेदार ने कार्य नही कराया, बल्कि सड़को को खोदने के बाद उसको भरने में लीपापोती किया है और कार्य का भेद भी खुलने लगा है। गनियारी वार्ड क्रमांक 41 नापतौल दफ्तर के ठीक सामने से लेकर विश्वकर्मा मोहल्ला मार्ग में कई जगह सड़क धसक गई है। यहां तक कि एक फीट गहराई तक सड़क धसकी और कई जगह सड़क में गड्ढे हो गये हैं। चार चक्का वाहनों का आवाजाही करीब-करीब बंद है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ रही है। रहवासियों ने आरोप लगाया है कि सीवरेज ठेकेदार ने मापदंडों का ख्याल नही रखा है। पूर्व में पीसीसी सड़को में सरिया का उपयोग किया गया था, सड़को को क्षतिग्रस्त करने के बाद ठेकेदार सिर्फ गिट्टी और सिमेंट व रेता से गड्ढो को भर कर खानापूर्ति कर दिया। रहवासियों ने इस ओर निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### बाजार में बड़ा हादसा टला डिवाइडर पर चढ़ा हाइवा



**देवसर 2 जुलाई ( एनबीएन )।** देवसर बारिश के बीच बुधवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के पूर्वी बाईपास स्थित एसडीओपी कार्यालय के सामने एक हाइवा अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान नहीं हुआ और चालक पूरी तरह सुरक्षित है।

# विंध्याचल ने जीरो हार्म संकल्प को किया सुदृढ़

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 2 जुलाई। एनटीपीसी विंध्याचल के इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने तथा स्टेशन की जीरो हार्म, जीरो इंसिडेंस कार्य संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, व्यावहारिक प्रदर्शन एवं कर्मचारी व संविदा कर्मियों की सहभागिता वाली गतिविधियों का आयोजन किया गया।**




सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्युत सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण, लॉक आउट-टैग आउट प्रक्रिया एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों की जानकारी, इंसुलेटेड हैंड टूल्स का प्रदर्शन, नॉन-कॉन्टैक्ट वोल्टेज डिटेक्टर के सुरक्षित संचालन का प्रदर्शन तथा विंध्य हॉस्पिटल के सहयोग से प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर संदीप कोहली अपर महाप्रबंधक एवं ईएमडी विभाग की टीम ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### मेगा मार्ट के समीप प्रेम प्रसंग को लेकर सड़क पर बवाल

**सिंगरौली 2 जुलाई ( एनबीएन )।** शहर के विशाल मेगा मार्ट के सामने बुधवार की शाम प्रेम प्रसंग को लेकर बीच सड़क पर जमकर हंगामा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक युवती अपने वर्तमान मित्र के साथ खरीदारी के लिए पहुंची थी। इसी दौरान वहां उसका पूर्व प्रेमी भी पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों युवकों के बीच लात-घूंसे चलने लगे, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इधर पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# फ्री में कुछ भी नहीं मिलता, सेफ क्लिक जरूरी : सियाज



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। साइबर जागरूकता अभियान में सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत प्रदेशभर में आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एसपी सियाज केएम के नेतृत्व में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए पूछा कि कितने विद्यार्थी सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। इस पर कुछ बच्चों ने हाथ उठाया, जिस पर एसपी ने बच्चों को सहज करते हुए कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, सोशल मीडिया का उपयोग यदि सही उद्देश्य और उपयोगिता के लिए किया जाए तो यह अच्छा माध्यम है, लेकिन हर सुविधा के साथ खतरे भी जुड़े होते हैं। इसलिए डिजिटल दुनिया में जागरूकता, सावधानी और सही निर्णय बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# राष्ट्रीय युवा संसद में गूंजेगी प्रगति की आवाज

नवभारत न्यूज

**देवसर 2 जुलाई। जिले के देवसर क्षेत्र की प्रतिभाशाली युवा प्रगति पांडेय का चयन राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले द्वितीय संस्करण राष्ट्रीय युवा संसद देश के युवाओं के साथ के लिए हुआ है।**



मंच मिनिस्ट्री एवं युवा साथी संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह दो दिवसीय कार्यक्रम कल 3 एवं 4 जुलाई को राजस्थान विधानसभा परिसर में आयोजित होगा। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से चयनित युवा विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखेंगे तथा युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा करेंगे। प्रगति पांडेय जपं देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत चटनिहा के पूर्व सरपंच एवं भाजपा उपाध्यक्ष जियावन कौशल पांडेय की पुत्री हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित मंच पर उनके चयन से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए एक लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है।

# डॉक्टरों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। लायन्स क्लब विद्युत विहार द्वारा होटल जीएस प्लाज़ा में डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. राजेश बैस, डॉ. सुख सागर, डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. पूजा प्रकाश, डॉ. सुशील सिंह चंदेल, सीए कृष्ण कुमार बैस, सीए रौनक भरुका, सीए मनोरमा शाहवाल, सीए सौरव सिंह एवं सीए मंदीप जैन मौजूद रहे। सभी अतिथियों का मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह के समापन पर क्लब के अध्यक्ष लायन समीर सिंह ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान करना लायन्स क्लब की गौरवशाली परंपरा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति पर लगी पाबंदियां समाप्त

**सिंगरौली 2 जुलाई ( एनबीएन )।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते एलपीजी आपूर्ति में आई बाधाओं के कारण व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति पर लगाए गए प्रतिबंधों को म.प्र. शासन द्वारा समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, म.प्र. ने भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार नॉन-डोमेस्टिक पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति को संकट-पूर्व की स्थिति के अनुरूप पूर्ण रूप से बहाल कर दिया गया है।

# ग्राम सभा की सहमति से होंगे विकास कार्य : राधा

## चितरंगी से विकसित भारत जी राम जी योजना का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जुलाई। जिले के जनपद पंचायत चितरंगी से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत जी राम जी योजना का शुभारंभ सामुदायिक भवन चितरंगी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जहां जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे मौजूद रहे।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास जनता की वास्तविक सहभागिता और ग्राम सभा की सहमति से ही होना चाहिए। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बिना ग्राम सभा की पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि विकास कार्य हमेशा आमजन के व्यापक हित को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कुछ स्थानों पर व्यक्तिगत सुविधा और स्वार्थ के आधार पर निर्माण कार्य कराए जाते रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमर सिंह, जपं अध्यक्ष सियादुलारी, उपाध्यक्ष कौशल प्रताप सिंह, आईसीडीएस सभापति सुषमा सिंह, कृषि समिति के सभापति देवी प्रसाद बैस एवं वरिष्ट समाजसेवी प्रवेंद्र धर द्विवेदी, तहसीलदार नागेश्वर पनिका, जपं सीईओ मान सिंह सैयाम सहित अन्य मौजूद रहे।